वर्ष 29 अंक 213
Pages 12
Bareilly, Sunday,
15 April 2018
BAREILLY EDITION
Within Bareilly City - ₹ 3/-
Outside Bareilly City - ₹ 3/-

दैनिक जागरण
Happy Poila Boishakh & Bohag Bihu
inext

PAGE NO. 6, TOP RIGHT

'10 लाख डाक्टर हर साल तैयार करने होंगे'

उपाधि पाकर खिले स्टूडेंट्स के चेहरे.

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (14 April): श्री राम मूर्ति स्मारक ऑफ मेडिकल साइंस का सातवां दीक्षांत समारोह सैटरडे को आयोजित हुआ. इसमें एमबीबीएस 2017 बैच और पैरामेडिकल साइंस के सत्र 2016-17 व 2017-18 में उत्तीर्ण स्टूडेंट्स को उपाधि प्रशस्ति पत्र एवं पदक दिए गए. दीक्षांत समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीएचयू इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस बनारस की बाल रोग विशेषज्ञ पद्मश्री प्रो. सरोज चूड़ामणि गोपाल ने किया. मुख्य अतिथि ने कहा कि देश में डॉक्टरों की भारी कमी है. देश मे 493 मेडिकल कॉलेज हैं, लेकिन यह 125 करोड़ लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं नही दे पा रहे हैं. देश को 10 लाख डाक्टर्स को हर साल तैयार करना होगा. तभी देश के 125 करोड़ लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दे सकेंगे. कार्यक्रम की अध्यक्षता आरयू के कुलपति प्रो. अनिल शुक्ल और संस्थान के चेयरमैन देवमूर्ति ने की.

311 मेधावी स्टूडेंट्स हुए सम्मानित

दीक्षांत समारोह में श्री राम मूर्ति समारोह में 311 मेधावी स्टूडेंट्स को पदक व उपाधि प्रदान की गई. एसआरएमएस कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस के एमबीबीएस और पैरामेडिकल मेडिकल साइंस के बीएमएलटी, बीओओटी, बीपीटी, बीआरटी, बीसीटी, एमआरआई एवं बीओपीटी के मेधावी स्टूडेंट्स को उपाधि दी गई.